दैनिक

# नज़रिया खबर

भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त




पेज-08


RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 332 | देहरादून, रविवार 01 जून, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति


## न्यूज डायरी

### गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दिन 99 गोल्फरों ने लिया भाग



**नैनीताल/देहरादून।** राजभवन गोल्फ क्लब द्वारा आयोजित 20वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दिन 9 महिला गोल्फरों सहित कुल 99 गोल्फरों ने भाग लिया। देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिभागी न केवल इस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक हिस्सा ले रहे हैं, बल्कि नैनीताल स्थित राजभवन गोल्फ कोर्स की सुरम्य प्राकृतिक छटा का भी आनंद उठा रहे हैं। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस तरह के उच्च गुणवत्ता वाले प्राकृतिक परिवेश में गोल्फ खेलना उनके लिए एक अद्वितीय और आनंददायक अनुभव रहा।

### मंत्री गणेश जोशी ने नौगांव में किसानों की समस्याएं सुनी, समाधान के दिए निर्देश

**उत्तरकाशी/नौगांव।** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज अपने तीन दिवसीय टिहरी और उत्तरकाशी जनपद भ्रमण के दौरान नौगांव स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे किसानों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। कृषि मंत्री ने किसानों से कहा कि सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है और केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी किसान भाइयों से इस राष्ट्रव्यापी अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य आपदा प्राधिकरण की कार्यशाला में किया प्रतिभाग

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को देहरादून स्थित एक होटल में उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्राधिकरण द्वारा आयोजित कार्यशाला में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान आपदा मित्र योजना की तर्ज पर "आपदा सखी योजना" प्रारंभ किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा इस योजना के शुरू होने से महिला स्वयंसेवकों को आपदा से पूर्व चेतावनी, प्राथमिक चिकित्सा, राहत एवं बचाव कार्यों, मनोवैज्ञानिक सहायता आदि के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। यह योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में सहायक सिद्ध होने के साथ आपदा प्रबंधन में समाज की सक्रिय सहभागिता को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाएगी।



कार्यशाला का उद्घाटन करते सीएम।

मुख्यमंत्री ने कहा यह कार्यशाला आपदा प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो आने वाली चुनौतियों के बेहतर प्रबंधन के लिए सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि आपदा की दृष्टि से उत्तराखण्ड संवेदनशील राज्य है। हमें बीते वर्षों में आई प्राकृतिक आपदाओं से सबक लेते हुए काम करना है। मुख्यमंत्री ने कहा प्राकृतिक आपदाओं को टाला नहीं जा सकता, लेकिन त्वरित प्रतिक्रिया, सतर्कता और समन्वित राहत एवं बचाव कार्यों से जन–धन की हानि को कम किया जा सकता है। जिसके लिए सभी विभागों के बीच समन्वय के साथ सजगता एवं संवेदनशीलता भी बेहद जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रबंधन सभी विभागों का सामूहिक दायित्व है। जिसमें सभी विभागों के साथ आम जनता की सक्रिय सहभागिता भी आवश्यक है। उन्होंने कहा आपदा प्रबंधन में जनभागीदारी का होना बेहद आवश्यक है। जब तक समाज जागरूक,

### आपदा मित्र योजना की तर्ज पर प्रारंभ होगी आपदा सखी योजनाः मुख्यमंत्री

प्रशिक्षित और सतर्क नहीं होगा, तब तक किसी भी सरकारी प्रयास का प्रभाव सीमित ही रहेगा। आपदा के दौरान सबसे पहले स्थानीय नागरिक ही मौके पर होते हैं। इसलिए ग्रामीण स्तर पर आपदा प्रबंधन समितियों, महिला एवं युवा समूहों, स्वयंसेवी संगठनों तथा रेडक्रॉस जैसी संस्थाओं को प्रशिक्षित करना भी आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदाओं के प्रभावी निपटारे के लिए हमें प्रोएक्टिव और रिएक्टिव दोनों प्रकार की रणनीतियों को अपनाना होगा। जैसे 2024 में गौरीकुंड में बादल फटने की घटना के दौरान प्रोएक्टिव अप्रोच अपनाकर हजारों लोगों की जान बचाने में सफलता प्राप्त की थी। वर्ष 2024 में ही टिहरी जनपद के तोली गांव में हुए भू–स्खलन से पूर्व ही प्रशासन की त्वरित कार्यवाही के कारण 200 से अधिक लोगों की जान बचाई जा सकी थी। आपदा के समय प्रभावितों के साथ खड़े रहना हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वानुमान पर गंभीरता से काम करने पर आपदा के प्रभाव को कम किया जा सकता है। राज्य सरकार आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक उपायों को अपनाने पर जोर दे रही है। राज्य में रैपिड रिस्पॉन्स टीम गठित करने के साथ ड्रोन सर्विलांस, जीआईएस मैपिंग और सैटेलाइट मॉनिटरिंग के माध्यम से आपदा के संभावित जोखिम क्षेत्रों की पहचान कर रही है। आपदा के नुकसान को कम करने के लिए राज्य में आपदा प्रबंधन विभाग, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ एवं स्थानीय प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा सिल्क्यारा रेस्क्यू अभियान के दौरान भी उन्होंने स्वयं टनल में फंसे मजदूरों से संवाद किया था, जिससे उनका हौसला बढ़ाया जा सका था।

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कहा कि यह कार्यशाला आगामी मानसून से पहले व्यवस्थाओं को सशक्त और प्रभावी बनाएगी। उत्तराखंड को कई प्रकार की आपदा का सामना करना पड़ता है। इस वर्ष मौसम विभाग ने मानसून के जल्द आने और सामान्य से अधिक होने का अनुमान लगाया है। हमें मानसून से पूर्व पुख्ता इंतजाम करके आपदा के प्रभाव को कम करना है।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

# केंद्रीय शीतजल मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान के निदेशक ने राज्यपाल से की भेंट

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** शनिवार को राजभवन नैनीताल में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से केंद्रीय शीतजल मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, भीमताल के निदेशक अमित पाण्डे एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आर. एस. पतियाल ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को संस्थान के अनुसंधान, विकास एवं कार्यकलापों की विस्तृत जानकारी दी।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की जलवायु और प्राकृतिक संसाधन शीतजल मत्स्य पालन, विशेषकर ट्राउट फार्मिंग के लिए अत्यंत उपयुक्त हैं।



राज्यपाल से भेंट करते हुए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों, युवाओं और उद्यमियों को इस दिशा में जागरूक एवं प्रेरित किए जाने की आवश्यकता है ताकि वे मछली पालन को स्वरोजगार और आर्थिक सशक्तीकरण का माध्यम बना सकें।

राज्यपाल ने संस्थान को निर्देशित किया कि अक्टूबर माह में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया जाए, जिसमें वैज्ञानिकों, किसानों, उद्यमियों और मत्स्य पालन से जुड़े विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाए। इस आयोजन के माध्यम से ट्राउट पालन की तकनीकों, लाभों और संभावनाओं पर विचार–विमर्श किया जा सकेगा तथा अधिक से अधिक लोगों को इस व्यवसाय से जोड़ने में सहायता मिलेगी।

उन्होंने कहा कि ट्राउट मछली सुपरफूड की श्रेणी में आती है, साथ ही इसका बाजार मूल्य भी अधिक होता है, जिससे किसानों को आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है।

इस दौरान निदेशक श्री अमित पाण्डे ने राज्यपाल को अवगत कराया कि संस्थान देश के पर्वतीय राज्यों में शीतजल मात्स्यिकी के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने संस्थान के विस्तार एवं क्षेत्रीय गतिविधियों के सुदृढ़ीकरण हेतु अवस्थापना विकास के लिए भूमि की आवश्यकता का भी अनुरोध किया, जिस पर राज्यपाल ने यथोचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

01 June 2025_Copy of Layout 1 6/1/2025 5:20 PM Page 2



# संपादकीय

## पूर्वोत्तर भारत में मानसूनी बारिश का कहर

रविवार को अधिकारियों ने पुष्टि की कि पूर्वोत्तर भारत में लगातार कई दिनों से हो रही मूसलाधार मानसूनी बारिश के कारण व्यापक भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई है। असम की राजधानी गुवाहाटी में स्थिति विशेष रूप से गंभीर है। यहां हुए भूस्खलन के कारण कई घर मलबे में दब गए, जिससे एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह त्रासदी तब हुई जब भारी बारिश ने शहर को पूरी तरह से जलमग्न कर दिया, जिससे पहाड़ियां और ढलानें अत्यधिक कमजोर पड़ गईं। स्थानीय अधिकारियों ने नागरिकों को फिर से चेतावनी जारी की है और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है। भूस्खलन के अलावा, राज्य के अन्य हिस्सों में बाढ़ ने भी तीन और लोगों की जान ले ली। इनमें गोलाघाट जिले में दो और लखीमपुर जिले में एक व्यक्ति की मौत शामिल है। यह प्राकृतिक आपदा पूर्वोत्तर भारत में मानसून के शुरुआती चरणों में ही एक गंभीर चुनौती बन गई है, जिससे जान–माल का भारी नुकसान हुआ है। बचाव कार्य जारी हैं और प्रभावित क्षेत्रों में सहायता पहुंचाई जा रही है। अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ के कारण सात लोगों की मौत हो गई, जब एक वाहन बाढ़ के पानी में बह गया। इसके अलावा, दो लोग डूब गए, जिससे राज्य में मरने वालों की संख्या नौ हो गई। मिजोरम, त्रिपुरा और मेघालय में भी आठ लोगों की मौत हुई है, जिससे कुल संख्या 17 हो गई है। अधिकारियों का कहना है कि लगातार बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण ये मौतें हुई हैं। मणिपुर में तीन दिनों से हो रही बारिश ने राजधानी इंफाल में दैनिक जीवन को ठप्प कर दिया है। शहर के कई हिस्सों में जलभराव की खबरें हैं, जिसके कारण अधिकारियों ने बाढ़ की चेतावनी जारी की है और निवासियों को निकालने का आग्रह किया है। उत्तर सिक्किम में लगभग 1,500 पर्यटक फंसे हुए हैं, क्योंकि भूस्खलन के कारण मुख्य सड़क अवरुद्ध हो गई है। इसके अलावा, मंगन जिले में तीस्ता नदी में एक वाहन गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और आठ अन्य लापता हो गए। भारतीय मौसम विभाग (प्डक) ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में भारी बारिश जारी रहने की चेतावनी दी है।

# पौड़ी के 130 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स के लिए कैंसर सर्वाइवरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड में कैंसर उपचार के बाद की देखभाल को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल कैंसर सर्वाइवरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम में पौड़ी जिले के कुल 130 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स ने भाग लिया।

यह कार्यक्रम श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल, देहरादून के कैंसर विभाग, ईसीएचओ इंडिया (एनजीओ) एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखंड सरकार के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया। यह संयुक्त प्रयास राज्य में कैंसर सर्वाइवरशिप के क्षेत्र में सामुदायिक स्तर पर क्षमता निर्माण की दिशा में एक अहम कदम है। पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के कैंसर विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज गर्ग के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के चेयरमैन पूजनीय श्रीमहंत देवेंद्र दास जी महाराज ने इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना



ट्रेनिंग प्रोग्राम के प्रतिभागी।

करते हुए संपूर्ण टीम को बधाई दी और कहा कि यह प्रशिक्षण राज्य के कैंसर रोगियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में बड़ी भूमिका निभाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स ने अपने क्षेत्रों के कैंसर रोगियों से संबंधित मामलों पर चर्चा की, अपने अनुभव साझा किए और केस डिस्कशन के माध्यम से व्यावहारिक समस्याओं का समाधान सीखा। छह महीने तक चले इस प्रशिक्षण में कैंसर के बोझ, भारत और एशिया में सर्वाइवरशिप की वर्तमान स्थिति, सह–रोगों का प्रबंधन, विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ समन्वय, कैंसर सर्वाइवर के मानसिक व मनो–सामाजिक स्वास्थ्य की देखभाल, दीर्घकालिक रोगियों में दर्द प्रबंधन, रोकथाम की भूमिका, बहु–विषयक टीम आधारित देखभाल, रोगी केंद्रित अप्रोच तथा पुनर्वास और जीवन गुणवत्ता में सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। यह प्रशिक्षण अक्टूबर 2024 में प्रारंभ हुआ था और पूरी तरह वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के विशेषज्ञों एवं ईसीएचओ इंडिया के मेंटर्स के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

# नीति आयोग की 10 वीं वर्किंग काउंसिल ने विज़न विकसित भारत 2047 का खाका खींचा

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ की राजनीति में हम देखते रहते हैं कि पक्ष पक्ष में बहुत कानफ्लिक्ट होते रहता है यानें हर मुद्दे व काम पर आलोचना तर्क वितर्क अड़ंगा होते रहते हैं, जो पक्ष और पक्ष की नीति में वाजिब भी है, मैंने अपने लेखन क्षेत्र में 40 वर्षों की अवधि में बहुत कम बार ऐसा देखा हूं कि पक्ष व विपक्ष मिलकर एक साथ राजनीति से ऊपर उठकर देश के लिए आवाज उठाते हैं,परंतु अभी ऑपरेशन सिंदूर के बाद इसका सटीक उदाहरण पूरे पक्ष विपक्ष को मिलाकर 7 एक साथ टीमों में करीब 59 संसद सदस्य, विशेषज्ञ पूरी दुनियाँ में आतंकवाद पर भारत का पक्ष रख रहे हैं जो रेखांकित करने वाली बात है।

दूसरी ओर शनिवार दिनांक 24 मई 2025 को मैं देर रात तक संचार माध्यमों मोबाइल टीवी और रेडियो के माध्यम से नीति आयोग की दसवीं गवर्ननिंग काउंसिल मीटिंग पर एकटक सटीक नजरें लगाए रखा था, तथा मीटिंग समाप्त होने के बाद जिस तरह विपक्ष के करीब सभी मुख्यमंत्री की पीएम से आत्मीयता से तथा एक सीएम सर झुकाकर बात कर रहे थे यह देखकर मैं हैरानी से चौका, हालांकि यह सबदेखकर सारी जनता भी चौकी होगी, क्योंकि सोशल मीडिया पर जबरदस्त रूप से यह सब वायरल हो रहा है और पक्ष विपक्ष के साथ साथ होनें तथा



## केंद्र व राज्यों को मिलकर टीम इंडिया बने तो कोई लक्ष्य असंभव नहीं -विज़न 2047 अपनें डेडलाइन से बहुत पहले पूर्ण होगा

विपक्षी मुख्यमंत्रीयों और पीएम की जबरदस्त बॉन्डिंग के समर्थन में जनता के कमेंट्स भी लगातार सोशल मीडिया पर चल रहे हैं उनको देखकर मैं सोच रहा था एक समय था,जब चुनाव हो रहे थे तो यही सब आपस में शाब्दिक बणों की तलवारे खींच खींचकर एक दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश में लगे थे, लेकिन आज दोस्ती शालीनता व अति मान सम्मान का माहौल दिख रहा था, जिसे पूरी दुनियाँ ने हैरानी व अचंभित होकर रेखांकित किया कि मेरा मानना है या भारतीय संस्कृति का कमाल है,पहले ऑपरेशन सिंदूर व अभी भारतीय मिशन 2047 पर 36 में से 31 राज्यों को उपस्थित रहना, तारीफ–ए– काबिल है, जिसका संदेश पूरे विश्व में पहुंच गया कि भारत के विकास और आतंकवाद पर भारत के पूरे 144.2 करोड़ लोग एक साथ खड़े हैं। यानें हमारे लिए राष्ट्रसुरक्षा आतंकवाद की समाप्ति व राष्ट्र के विकास के मुद्दे पर पक्ष विपक्ष हम साथ साथ हैं, जो मुझे बहुत अच्छा लगा इसलिए केंद्र व राज्य सरकार को मिलाकर टीम इंडिया बने तो कोई लक्ष्य असंभव नहीं, विजन 2047 अपनें डेडलाइन के बहुत पहले ही पूरा होगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, नीति आयोग की दसवीं वर्किंग काउंसिल ने विजन विकसित भारत 2047 का खाका खींचा –36 में से 31 राज्यों की जबरदस्त अनुकूल उपस्थित–पीएम व विपक्षी मुख्यमंत्रीयों की जबरदस्त बॉन्डिंग देखी।

साथियों बात अगर हम नीति आयोग की दसवीं वर्किंग की चर्चा को 11 प्वाइंटों में समझने की करें तो,राजधानी दिल्ली में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 10 वीं बैठक ने देश के विकास के लिए एक नया खाका खींचा। पीएम ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर श्विकसित भारत 2047श के विजन को साकार करने की दिशा में ठोस कदम उठाए। (1) नीति आयोग की इस बैठक में 36 में से 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने शिरकत की, जो अब तक की सबसे ज्यादा भागीदारी है। लेकिन कर्नाटक, केरल, पुडुचेरी, पश्चिम बंगाल और बिहार ने पहले ही अपनी गैरमौजूदगी की सूचना दे दी थी। सीईओ कहा, श्यह दिखाता है कि ज्यादातर राज्य सकारात्मक सोच के साथ आए।(2)विकसित भारतश का मास्टरप्लानबैठक का मुख्य एजेंडा था, शविकसित भारत के लिए विकसित राज्यश। पीएम ने सभी राज्यों से अपने– अपने विकास के विजन को राष्ट्रीय विजन के साथ जोड़ने का आह्वान किया। यह थीम पिछले साल की बैठक से ही चली आ रही है और अब यह राज्यों के लिए एक रोडमैप बन चुकी है।(3) पीएम ने श्ऑपरेशन सिंदूरश को एक बार की पहल नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन ने आतंकी ढांचों को नष्ट करने में सटीकता और प्रभावशीलता दिखाई। मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों ने इसके लिए पीएम के नेतृत्व और सशस्त्र बलों की वीरता की प्रशंसा की। (4) पीएम ने नागरिक सुरक्षा तैयारियों को संस्थागत और आधुनिक बनाने पर जोर दिया। हाल ही में हुए मॉक ड्रिल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह नागरिक सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्यों को इसे प्राथमिकता देनी होगी।(5) पीएम ने राज्यों को अपनेविकास के लिए लंबी अवधि की योजनाएं बनाने को कहा। हर राज्य अपने संसाधनों, संस्कृति और जरूरतों के हिसाब से एक ब्लूप्रिंट तैयार करेगा, जो विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने में मदद करेगा। (6) पीएम ने सहकारी संघवाद (कोआपरेटिव फेडरालीस्म) पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य मिलकर काम करेंगे ताकिविकास की गति को और तेज किया जा सके। यह बैठक इस दिशा में एक बड़ा कदम थी।हमें टीम इंडिया की तरह काम करना होगा। (7) नीति आयोग के सीईओ नेबताया कि बैठक में सकारात्मक माहौल रहा। राज्यों ने अपने अनुभव, चुनौतियां और सफलताएं शेयर कीं, जिससे एक–दूसरे से सीखने का मौका मिला।

अतः अगर हम उपरोक्त पर्यावरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि नीति आयोग की 10 वीं वर्किंग काउंसिल ने विजन विकसित भारत 2047 का खाका खींचा –36 में से 31 राज्यों की जबरदस्त अनुकूल उपस्थित–पीएम व विपक्षी मुख्यमंत्रीयों की जबरदस्त बॉन्डिंग दिखी।केंद्र व राज्यों को मिलकर टीम इंडिया बने तो कोई लक्ष्य असंभव नहीं–विजन 2047 अपनें डेडलाइन से बहुत पहले पूर्ण होगा।नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की सफल मिटिंग–विपक्षी मुख्यमंत्रीयों व पीएम की जबरदस्त ट्यूनिंग देखकर विश्व हैरान–विजन 2047 समय पूर्व लक्ष्य हासिल करेगा,मेरा दावा।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

# अहिल्याबाई होल्कर ने धर्मस्थलों का पुनर्निर्माण कर भारत की सांस्कृतिक आत्मा को पुनर्जीवित करने का कार्य किया: सीएम

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में त्याग, सेवा और समर्पण की प्रतिमूर्ति अहिल्याबाई होल्कर को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने करुणा, सेवा और धर्मनिष्ठा से भारतीय इतिहास में अद्वितीय स्थान प्राप्त किया।



कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री।

उन्होंने शासन को केवल सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा, न्याय और धर्म की पुनर्स्थापना का साधन बनाया। उन्होंने काशी विश्वनाथ से लेकर सोमनाथ, द्वारका से लेकर रामेश्वरम, अयोध्या और मथुरा के साथ ही हमारी देवभूमि के बद्रीनाथ, केदारनाथ और हरिद्वार में मंदिरों और घाटों का जीर्णोद्वार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कई धर्मशालाओं और रास्तों के निर्माण के साथ ही जनसेवा के अनेक कार्य कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने भारत में धर्मस्थलों का पुनर्निर्माण कर भारत की सांस्कृतिक आत्मा को पुनर्जीवित करने का कार्य किया।

उन्होंने संपूर्ण भारत की सनातन संस्कृति को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। उन्होंने उस कालखंड में नारी सशक्तिकरण की ऐसी अनुपम मिसाल प्रस्तुत की, जिसकी कल्पना कर पाना भी उस समय कठिन था। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण के अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है। वर्षों तक उपेक्षित रहे हमारे गौरवशाली इतिहास, महान राष्ट्रनायकों के योगदान और सांस्कृतिक विरासत को आज न केवल पुनर्स्थापित किया जा रहा है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय चेतना का आधार भी बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारी सनातन संस्कृति की पताका संपूर्ण विश्व में गर्व से लहरा रही है। भारत पुनः विश्वगुरु बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण, बद्रीनाथ के मास्टर प्लान और केदारनाथ धाम का पुनर्निर्माण कार्य तेजी से हो रहे हैं। अहिल्याबाई होल्कर को आदर्श मानकर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी अनेक कार्य किए जा रहे हैं। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान, उज्ज्वला योजना लखपति दीदी जैसी योजनाओं द्वारा महिला सशक्तीकरण के लिए कार्य किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण हेतु पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। केदारखंड और मानसखंड के मंदिर क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण के कार्य किये जा रहे हैं। हरिपुर कालसी में यमुनातीर्थ स्थल के पुनरुद्धार की दिशा में भी प्रयास किये जा रहे हैं। हरिद्वार ऋषिकेश कॉरिडोर के साथ ही शारदा कॉरिडोर के निर्माण की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।

## दवा से परे टीबी का उपचार: डॉ मनीषा वर्मा

**देहरादून।** अपर महानिदेशक (मीडिया) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार डॉ मनीषा वर्मा का कहना है कि जिनेवा में हाल ही में संपन्न विश्व स्वास्थ्य सभा में, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के भारत को ट्रेकोमा–मुक्त घोषणा करना, केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि नहीं है। यह सामूहिक राष्ट्रीय इच्छाशक्ति का एक उत्कृष्ट प्रमाण है। स्वच्छता, सफाई और जागरूकता में दशकों के सक्रिय प्रयासों से प्राप्त यह उपलब्धि, इस बात का परिचायक है कि भारत तपेदिक (टीबी) से किस प्रकार निपट रहा है। जिस तरह मौलिक सार्वजनिक स्वास्थ्य सिद्धांतों पर निरंतर ध्यान ने ट्रेकोमा के खिलाफ लड़ाई को रेखांकित किया, उसी तरह टीबी के खिलाफ वर्तमान लड़ाई भी समान रूप से व्यापक और महत्वपूर्ण रूप से गहराई से निहित जनभागीदारी यानी लोगों की भागीदारी के सिद्धांत के साथ लड़ी जा रही है।

# अब राज्य स्तर पर पदक जीतने वालों को भी मिलेगा नौकरी में आरक्षण: रेखा आर्या

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** अब उत्तराखंड में आयोजित विभिन्न प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को भी सरकारी नौकरियों में चार प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा।

इस बारे में सरकार द्वारा किए गए अध्यादेश संशोधन को अंतिम मंजूरी मिल गई है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि अभी तक ओलंपिक, कॉमनवेल्थ गेम, एशियाई चैंपियनशिप, राष्ट्रीय खेलों जैसी नेशनल और इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को ही चार फ़ीसदी आरक्षण का लाभ मिल पाता था। सरकार ने इसके लिए अध्यादेश में संशोधन किया था जिसे विधानसभा से मंजूरी भी मिल गई थी। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि नए नियमों का गजट नोटिफिकेशन शुक्रवार को कर दिया गया है। इसके मुताबिक अब उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता, विभिन्न राष्ट्रीय खेल संघ द्वारा मान्यता प्राप्त राज्य स्तरीय खेल संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तर की प्रतियोगिता, युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता व इसके साथ ही विद्यालयी शिक्षा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किसी भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ियों को भी सरकारी नौकरियों में 4: आरक्षण मिल सकेगा। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि विभाग की इस मांग पर तेजी से निर्णय लेने के लिए वे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की आभारी है।

# खुर्जा सुपर थर्मल पावर परियोजना की प्रथम यूनिट राष्ट्र को समर्पित की

**ऋषिकेश (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में स्थित टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की पहली थर्मल पावर परियोजना, 1320 मेगावाट खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (केएसटीपीपी) की प्रथम यूनिट (660 मेगावाट) के साथ राज्य की अन्य परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया।



खुर्जा सुपर थर्मल पावर परियोजना की प्रथम यूनिट राष्ट्र को समर्पित करते सीएम।

विद्युत क्षेत्र की एक प्रमुख कंपनी टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने अपने थर्मल पावर प्लांट की प्रथम यूनिट को कमीशन कर, एक विशेष उपलब्धि के रूप में इसे दर्ज किया, जिसके परिणामस्वरूप इसके विविधतापूर्ण ऊर्जा पोर्टफोलियो में काफी वृद्धि हुई है। उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह उत्तर प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए बहुत बड़ा कदम है। इन पॉवर प्लांट्स के बाद उत्तर प्रदेश में बिजली की उपलब्धता और बढ़ेगी इससे यहाँ के उद्योगों को भी गति मिलेगी। इस मेगा प्लांट की आधारशिला 2019 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा रखी गई थी, खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्लांट निगम कि एक प्रमुख उपलब्धि है क्योंकि टीएचडीसीआईएल जल विद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा से आगे बढ़ते हुए अपने पोर्टफोलियो का विस्तार कर रहा है, जो एक विविध ऊर्जा नेतृत्वकर्ता के रूप में अपनी स्थिति को सुदृढ़ करता है। वर्तमान में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की इक्विटी में एनटीपीसी लिमिटेड और उत्तर प्रदेश सरकार की हिस्सेदारी है।

# सचिव सहकारिता दिलीप जावलकर ने ली सहकारिता विभाग और राज्य सहकारी बैंक की समीक्षा बैठक

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि० हल्द्वानी के प्रशासक/सचिव सहकारिता उत्तराखण्ड शासन दिलीप जावलकर द्वारा समीक्षा बैठक आहूत की गयी। जिसमें प्रशासक/सचिव सहकारिता मुख्यालय भवन का निरीक्षण किया गया।



सचिव सहकारिता दिलीप जावलकर बैठक लेते हुए।

तत्पश्यात उत्तराखण्ड राज्य सहकारी बैंक के प्रबन्ध निदेशक प्रदीप मेहरोत्रा द्वारा बैंक के निक्षेप, ऋण वितरण, विनियोजन, सूचना एवं प्रद्योगिकी एवं एन.पी.ए की प्रगति से अवगत कराया गया। बैठक में सचिव सहकारिता महोदय द्वारा बैंक में निक्षेप, ऋण वितरण एवं एन.पी.ए के वर्ष दौरान लक्ष्य के सापेक्ष शत्प्रतिशत पूर्ति की जाये के निर्देश दिये गये। बैठक में बैंक स्तर से रोस्टर के अनुसार शाखाओं एवं जिला सहकारी बैंकों के निरीक्षण समयान्तर्गत पूर्ण कर निरीक्षण नोट तथा वास्तविक अनुपालन समयान्तर्गत पूर्ण किये जाये के निर्देश दिये गये। बैठक में प्रशासक महोदय द्वारा भारत सरकार की योजनाओं के अन्तर्गत प्रधान मंत्री जीवन ज्योति, प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री अटल पेन्शन योजना से समस्त ग्राहकों को आच्छादित किये जाये।

बैठक प्रशासक/सचिव सहकारिता महोदय द्वारा शाखा स्तर पर निक्षेप पखवाड़ आयोजित करते हुए कम लागत वाले निक्षेपों पर विशेष ध्यान दिया जाय, तथा एफ.एल.सी. के अन्तर्गत वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित करते समय बैंक के ऋण उत्पादों का प्रचार–प्रसार ऋण वितरण हेतु विशेष प्रयास किये जाये के निर्देश दिये गये, साथ ही बैंक की सी.डी. रेशियो वृद्धि हेतु विशेष प्रयास किये जाये। प्रबन्ध निदेशक द्वारा बैठक में अवगत कराया गया कि बैंक स्तर से शाखाओं को निक्षेप, ऋण वितरण एवं एन.पी.ए वसूली के लक्ष्य निर्धारित कर लक्ष्यानुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है से अवगत कराया गया। तत्पश्चात अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में प्रशासक/सचिव सहकारिता महोदय द्वारा एक पेड़ माँ के नाम योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उन्हें अनिवार्य रूप से संरक्षित किया जाय के निर्देश दिये गये।

01 June 2025_Copy of Layout 1 6/1/2025 5:20 PM Page 4



# हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर जनसंचार विभाग के छात्रों ने किया शैक्षिक भ्रमण, प्रिंट मीडिया से कराया अवगत

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** "हिंदी पत्रकारिता संक्रमण काल से गुज़र रही है जिसमें नित नई चुनौतियों के लिए तैयार रहना अनिवार्य है। युवा वर्ग के लिए पत्रकारिता के क्षेत्र में संभावनाओं की कोई कमी नहीं है बशर्ते वे निरंतर अपने कौशल को निखारें, संपर्क सूत्र बनायें, फील्ड विज़िट, न्यूज़ एंगल के साथ ही भाषा और लेखन शैली को संवारते रहे।"

उक्त बातें दैनिक हिन्दुस्तान समाचार पत्र के स्थानीय संपादक गिरीश चंद्र गुरुरानी ने छात्र छात्राओं को संबोधित कर कहीं । उन्होंने प्रिंट मीडिया की चुनौतियों से भी छात्राओं को अवगत कराया। मौका था हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेंद्रनगर के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का जिसमें बीए ऑनर्स पत्रकारिता एवं जनसंचार पाठ्यक्रम के छात्र–छात्राओं ने



शैक्षिक भ्रमण दल में शामिल पत्रकारिता के विद्यार्थी।

प्रतिभाग किया। शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत छात्रों ने दैनिक हिन्दुस्तान के देहरादून स्थित कार्यालय का दौरा किया। इस दौरान छात्रों को समाचार पत्र की कार्यप्रणाली, रिपोर्टिंग से लेकर संपादन और छपाई तक की प्रक्रिया को समझने का अवसर मिला। छात्रों ने न्यूज़रूम की कार्यप्रणाली को जानने के साथ ही उपसंपादक, रिपोर्टर एवं अन्य सभी से संवाद किया और बदलते मीडिया परिदृश्य, डिजिटल पत्रकारिता, खबरों की सत्यता और पत्रकारिता के बदलते स्वरूप पर अपनी जिज्ञासाओं पर प्रश्न पूछें। इस संवादात्मक सत्र में दैनिक हिन्दुस्तान के स्थानीय संपादक गिरीश गुरुरानी ने छात्रों से चर्चा करते हुए प्रिंट मीडिया में करियर विकल्पों, आवश्यक कौशलों और आज के दौर में पत्रकार की भूमिका पर जानकारी साझा की।

शैक्षिक भ्रमण के दौरान छात्रों ने चौनल माउंटेन में भी विजिट की। चौनल माउंटेन के निदेशक जयप्रकाश पंवार ने छात्रों से संवाद किया और न्यू मीडिया के व्यावहारिक पक्ष पर चर्चा की। उन्होंने नए मीडिया पर उपलब्ध संसाधनों को इस्तेमाल कर अपने कौशल को संवर्धित करने के टिप्स छात्रों से साझा किए। उन्होंने विभाग स्तरीय पुस्तकालय हेतु पुस्तकें भी भेंट की । इस दौरान इंस्टिट्यूट फॉर डेवलपमेंट सपोर्ट के कार्यकारी निदेशक डॉ भरत पटवाल, चौनल माउंटेन की प्रबंधक दीपा पंवार के साथ ही पंकज इष्टवाल व अन्य मौजूद रहे। यह शैक्षिक यात्रा छात्रों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रही । शैक्षिक भ्रमण का नेतृत्व कर रही विभाग प्रभारी डॉ. सृचना सचदेवा ने कहा कि पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा समय समय पर आयोजित शैक्षिक भ्रमण आयोजन छात्रों को मीडिया इंडस्ट्री से जोड़ने और व्यावहारिक पक्ष से रूबरू कराने का प्रयास है। उन्होंने दैनिक हिंदुस्तान परिवार का विशेष आभार व्यक्त किया कि प्रतिष्ठित समाचार पत्र ने छात्रों को समाचार पत्र के विभिन्न विभागों के कार्यों की जानकारी एवं व्यावहारिक ज्ञान को समझने का अवसर दिया।

## युवक की हुई हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**नैनीताल।** पत्थर से कुचल कर एक युवक की हत्या बेहरमी से कर दी गयी। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार गौजाजाली निवासी एक युवक ने किसी विवाद के चलते एक व्यक्ति की पत्थर से कुचलकर बेरहमी से हत्या कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना रात के समय की है, जब आरोपी अनिल ने राजपुरा निवासी तरुण रावत पर अचानक हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। पुलिस के मुताबिक हत्या के आरोप में आरोपी अनिल को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में आपसी अंदरूनी रंजिश या विवाद की बात सामने आ रही है, हालांकि पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# मौसमी बीमारियों और बुजुर्गों की देखभाल को लेकर दिए जरूरी निर्देश

**देहरादून/चंपावत (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं आगामी मौसमी बीमारियों से पहले की तैयारियों को लेकर एक अहम समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में एनएचएम के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के निःशुल्क उपचार, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, एंबुलेंस की त्वरित सेवा (रिस्पांस टाइम), आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क उपचार व जांच सेवाओं सहित निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। सभी संबंधित अधिकारियों से इन कार्यक्रमों की प्रगति पर फीडबैक भी लिया गया। बैठक में पहाड़ी क्षेत्रों की विशिष्ट भौगोलिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए बुजुर्गों की देखभाल को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। साथ ही यात्रा सीजन की शुरुआत व डेंगू जैसी मौसमी बीमारियों की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर चंपावत जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, जिलाधिकारी नवनीत पांडे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान, तथा विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंकिता हत्याकांड के मुख्य सूत्रधार क्यों है बाहर, हो सीबीआई जांच : मोर्चा

**विकासनगर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि कल मा. अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा अंकिता भंडारी हत्याकांड के दोषी तीन लोगों को, जोकि छोटी मछलियां हैं, उनको सजा सुनाई, जिसका स्वागत किया जाना चाहिए,लेकिन इस हत्याकांड में शामिल तीन–चार मुख्य सूत्रधार जो इस मामले में कहीं भी शामिल नहीं किए गए हैं, उनको उनके कर्मों की सजा दिलाने के लिए सीबीआई जांच ही समय की मांग है।




पत्रकार वार्ता के दौरान मोर्चा पदाधिकारी।

नेगी ने कहा कि इस हत्याकांड में एक भाजपा विधायक, जिसने भाजपा के एक प्रभावशाली नेता के निर्देश पर साक्ष्य मिटाने का काम किया, एक निर्दलीय विधायक व भाजपा का एक प्रभावशाली नेता इस हत्याकांड में प्रमुख रूप से शामिल हैं, जैसा कि सूत्र बताते हैं द्य वैसे इन गुनहगारों को फांसी की सजा भी कम है। नेगी ने कहा कि इस हत्याकांड में शामिल छोटी मछलियों को सजा सुनाई गई है, लेकिन ये लोग निश्चित तौर पर इस आदेश के खिलाफ मा उच्च न्यायालय/उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे, जिसके लिए सरकार को चाहिए कि उच्चतम न्यायालय के टॉप 5 वकीलों में से एक को सरकारी खर्चे पर पैरवी हेतु आबंध किया जाना चाहिए, जैसा कि सरकार खनन/शराब माफियायों के हितों को लेकर प्राइवेट वकीलों से पैरवी कराती है। इस मामले में राजभवन भी कान में तेल डालकर सोया हुआ है।

# मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना पर जिला स्तरीय अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित

**रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत ने कहा कि इसका उद्देश्य जनपद स्तर पर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, प्रचार–प्रसार एवं हितधारकों को उद्यमिता से जोड़ना है।

कार्यशाला में रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर कोटद्वार हब से आए इन्क्यूबेशन मैनेजर तनुज पुण्डीर एवं बिजनेस प्लानिंग एंड डेवलपमेंट



अभिमुखीकरण कार्यशाला में प्रतिभाग करते हुए।

एक्सपर्ट दर्शन उनियाल ने प्रतिभागियों को योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना का उद्देश्य प्रदेश में नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देना है, जिससे ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार के नए अवसर उत्पन्न हों। योजना के अंतर्गत चयनित एवं पात्र उद्यमियों को व्यवसाय संचालन व विकास से जुड़ी विविध सेवाएं जैसे कि व्यवसाय योजना निर्माण, विधिक सलाह, विशेषज्ञों तक पहुंच, वित्तीय संसाधनों से जुड़ाव, इन्क्यूबेशन, मेंटरशिप, व्यवसायिक कौशल प्रशिक्षण आदि उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह रावत ने सभी रेखीय विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी इससे जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि योजना की पहुंच अंतिम छोर तक होनी चाहिए और इसके लिए प्रत्येक विकास खंड कार्यालय, विकास भवन परिसर तथा कलेक्ट्रेट परिसर में योजना से संबंधित डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएं। इससे आम जनमानस तक योजना की जानकारी प्रभावी रूप से पहुंच सकेगी। कार्यशाला में परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला परियोजना प्रबंधक, ग्रामीण उद्यम वेगवृद्धि परियोजना, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, समस्त खंड विकास अधिकारी, रेखीय विभागों के अधिकारी, इन्क्यूबेशन मैनेजर एवं बिजनेस प्लानिंग डेवलपमेंट एक्सपर्ट सहित कई अन्य अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

01 June 2025_Copy of Layout 1 6/1/2025 5:20 PM Page 5



# विकास खण्ड ओखलकांडा के दूरस्थ गांव नाई में डीएम वंदना की अध्यक्षता में जनसुनवाई शिविर संपन्न

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जनसुनवाई में कुल 80 आवेदन विभिन्न समस्याओं से सबंधित प्राप्त हुए। अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया गया। क्षेत्र में 'पीएमजीएस वाई द्वारा निर्मित सड़कों में खराब गुणवत्ता की शिकायत पर जिला अधिकारी ने उप जिलाधिकारी धारी एवं लोनिवि नैनीताल व भवाली के अधिशासी अभियंता की टीम बनाकर पीएमजीएसवाई की इन सभी सड़क मार्गो में कराए गए कार्यों की जांच के निर्देश दिए गए।

'शिविर में जिलाधिकारी द्वारा राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज नाई में छात्र छात्राओं की मांग पर चार अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण हेतु धनराशि की भी स्वीकृति प्रदान की गई।'मानसून काल में क्षेत्र में स्वास्थ्य की समस्या के त्वरित समाधान एवं गर्भवती महिलाओं और आकस्मिक उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक सुविधा रखने के निर्देश। जनसुनवाई में अधिकांश समस्याएं



क्षेत्र में विभिन्न सड़क मार्गो का निर्माण किए जाने के साथ ही पूर्व में विधायक निधि से काटे गए सड़क मार्गों को पक्का किए जाने, सड़क मार्गो में जल भराव की समस्या के समाधान हेतु नाली एवं कलमठ की सफाई करने, पीएमजीएसवाई द्वारा क्षेत्र में बनाए गए सड़कों की खराब गुणवत्ता को ठीक किए जाने, विभिन्न विद्यालयों में अध्यापकों की कमी बताते हुए रिक्त पदों को शीघ्र भरे जाने व क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों की छत एवं भवन की मरम्मत किए जाने, क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं दुरुस्त रखे जाने,जल जीवन मिशन के अंतर्गत अधूरे कार्यों को पूर्ण किए जाने एवं पेयजल की समस्या को दूर किए जाने, जंगली जानवरों से खेती को हो रहे नुकसान के बचाव हेतु गांव में घेरवाड़ किए जाने, वर्षात में क्षतिग्रस्त भवन एवं दीवारों की मरम्मत कराए जाने, आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने सहित विभिन्न समस्या रखी गई। महतोली के चामा चोपड़ा तोक को ग्राम नाई में मिलाए जाने हेतु भी ग्रामीण द्वारा अनुरोध किया गया जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान हरीनगर से आए ग्रामीणों द्वारा वर्ष 2023 से जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्माणाधीन पंपिंग पेयजल योजना का कार्य वर्तमान तक पूर्ण न होने की शिकायत जिलाधिकारी के समक्ष रखी जिस पर जिलाधिकारी ने पेयजल निगम के अधिकारियों को तत्काल पेयजल टैंक का निर्माण व पंप स्थापना का कार्य शीघ्र पूर्ण कर जून में हर हाल में योजना हैंडओवर करने के निर्देश दिए। ग्राम हरीनगर से आए ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया कि वर्ष 2010 से गाँव का विस्थापन होना था जो अभी तक नहीं हो पाया जिस पर जिलाधिकारी ने विस्थापन की कार्यवाही की प्रगति से ग्रामीणों को अवगत कराते हुए तात्कालिक सुरक्षा की दृष्टिगत सिंचाई विभाग को क्षेत्र में सुरक्षात्मक कार्यों के प्रस्ताव तैयार करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए।

## चिल्ड्रन्स एकेडमी के ग्रेजुएशन सेरेमनी में विद्यार्थियों की उपलब्धियों का मना जश्न

**लालकुआं।** गोपीपुरम स्थित चिल्ड्रन्स एकेडमी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए भव्य ग्रेजुएशन सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों के साथ उनके अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, और उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ शारदे की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों को पारंपरिक ग्रेजुएशन गाउन और कैप पहनाकर मंच पर आमंत्रित किया गया, जहाँ उन्हें स्मृति चिन्ह और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में कक्षा 11 एवं 9 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं कक्षा 12 के छात्र–छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए श्रोताओं को भावुक कर दिया। विद्यालय के निदेशक श्रीष पाठक ने कहा कि ग्रेजुएशन समारोह न केवल एक शैक्षणिक अध्याय की पूर्णता का प्रतीक है।

# लालकुआं के खड्डी मुहल्ले से अतिक्रमण हटाने को प्रशासन ने नोटिस किये चस्पा

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** रेल लाइन के बिल्कुल किनारे बसी और लंबे समय से अतिक्रमण हटाये जाने की कार्रवाई से अब तक बची रही कॉलोनी खड्डी मोहल्ले पर अब संकट के बदले आ रहे हैं। राजस्व विभाग ने इस कॉलोनी में रहने वाले दर्जनों घरों में नोटिस चश्पा कर 15 दिन के भीतर स्वतः ही अपना सामान हटाकर झोपड़िया तोड़ने के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि आगामी मानसून से पूर्व जिला प्रशासन जलभराव वाले स्थलों को चिन्हित कर उसकी रोकथाम में जुटा हुआ है, प्रत्येक वर्ष बरसात में भारी मात्रा में रेल पटरियों में पानी आ जाता है, जिससे बाढ़ जैसे हालात बन जाते है, जिसको लेकर बीते दिनों एसडीएम रेखा कोहली ने दौरा करते हुए मानसून से पूर्व जलभराव से निपटने के निर्देश दिये थे, जिसको लेकर आज राजस्व उप निरीक्षक ने खड्डी मौहल्ले में अन्तिम नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये हैं

, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वह तत्काल अपना सामान उक्त स्थान से हटाकर अपनी झोपड़ियां स्वतः ही खाली कर दें, अन्यथा राजस्व विभाग को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करनी पड़ेगी। क्योकि मानसून काल में जलभराव, नाली रुकावट, मार्ग अवरोध जन सुरक्षा हेतु गम्भीर संकट उत्पन्न कर सकता है, यदि समय रहते अतिक्रमण नही हटाया गया तो किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में कॉलोनीवासी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए स्कूली बच्चों से उनके जीवन चरित्र से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण जोशी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान रानी अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता हेमंत नरूला ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन त्याग, समर्पण और लोकसेवा की मिसाल है। उन्होंने अपने शासनकाल में जनता के हितों का विशेष ध्यान रखते हुए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों को



आत्मसात करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके कार्यों को याद किया। उन्होंने बताया कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने नारी सशक्तिकरण और समाज सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके कार्यों से समाज को दिशा मिली और उनके आदर्श आज भी लोगों को प्रेरणा दे रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में नारी सम्मान और समाज सेवा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान कन्या जूनियर हाई स्कूल की छात्राओं ने भी रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से जुड़े गीत प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लालचंद्र सिंह, महामंत्री राजकुमार सेतिया, बॉबी संभल, संजय अरोरा, संजीव शर्मा, इस्तकार अंसारी, सचिन अग्रवाल, विनोद शर्मा, अभिषेक सिंह, केके पांडे, प्रधानाचार्य आशा दरमवाल और अध्यापक आशीष बिष्ट मौजूद रहे।

# चमोली में राजकीय प्रौद्योगिकी संस्थान के विद्यार्थियों ने स्टार्टअप के अडियाज प्रस्तुत किये

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राजकीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कोठियालसैण चमोली में दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप का आयोजन आईआईएम काशीपुर फीड और जिला उद्योग केंद्र, गोपेश्वर के सह–आयोजन में किया गया।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि मा० राज्य मंत्री वीरेन्द्र दत्त सेमवाल, उपाध्यक्ष, हथकरघा एवं हस्तशिल्प परिषद उत्तराखंड सरकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपनिदेशक डॉ० सजवाण द्वारा युवाओं को स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा



उत्तराखंड सरकार की स्टार्टअप नीति–2023 के बारे में जानकारी दी गयी तथा बताया गया कि सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

आईआईएम काशीपुर फीड और जिला उद्योग केंद्र, गोपेश्वर चमोली द्वारा आयोजित बूट कैंप में पहले दिन युवाओं को स्टार्टअप की बारीकियों के मुख्य बिंदुओं से अवगत कराया गया तथा दूसरे दिन आइडिया पिचिंग की गयी, जिसमें राजकीय प्रौद्योगिकी संस्थान के विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों के 12 आइडियाज स्टार्टअप प्रजेंटेशन हेतु रखे गये। जिसमें से उत्कृष्ट स्टार्टअप को अग्रिम स्तर पर पहुंचाया जाएगा।

मुख्य अतिथि मा० राज्य मंत्री द्वारा युवाओं को पहाड़ी क्षेत्रों में हथकरघा एवं हस्तशिल्प से संबंधित क्षेत्र में नवाचार लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा सरकार द्वारा उनको दिए गए दायित्वों को पूरी तत्परता से निभाने के लिए उनके प्रयास के बारे में बताया।

मंत्री जी द्वारा कार्डिंग प्लांट घिघरान का निरीक्षण किया गया तथा स्थानीय बुनकरों के साथ संवाद स्थापित किया गया तथा भेड़ पालकों को ऊन की गुणवत्ता से अवगत कराया गया तथा उसका सदुपयोग करके हथकरघा को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान उद्योग निदेशालय के उप निदेशक महावीर सिंह सजवाण, औद्योगिक संगठन चमोली के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह नेगी, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विक्रम सिंह कुंवर, प्रबंधक अंजली रमन तथा आईआईएम फीड के मैनेजर रामकुमार जी तथा अन्य फैकल्टी सदस्य उद्यमी एवं राजकीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कोठियालसैण चमोली के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

01 June 2025_Copy of Layout 1 6/1/2025 5:20 PM Page 6



# नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स ने ऑपरेशन सिंदूर में मीडिया की विश्वसनीयता पर समीक्षात्मक संगोष्ठी आयोजित



**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारत द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध किए गए ऑपरेशन सिंदूर में मीडिया की विश्वसनीयता को रेखांकित करते हुए, नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स द्वारा श्ऑपरेशन सिंदूर में मीडिया की विश्वसनियता पर समीक्षात्मक एवं समालोचनात्मक संगोष्ठी का आयोजन किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पारिस्थितिकी पर्यटन सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री) ओम प्रकाश जमदग्नि ने कहा कि देश और समाज हित में पत्रकारिता निष्पक्ष होनी चाहिए और देश हित सर्वोपरि होना चाहिए. उन्होंने कहा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई इस तरह के समाचार आए जिन घटनाओ और तथ्यों की पुष्टि किया जाना जरूरी होता है. ऐसे मामलों में संवाद प्रेषण में मीडिया को कभी भी जल्दी बाजी नहीं करनी चाहिए क्योंकि उसका देश की जनता पर व्यापक प्रभाव पड़ता है. साथ ही सुरक्षा कर्मियों का मनोबल भी प्रभावित होता है. जमदग्नि ने कहा कि कई बार समाचार संबंधों के आधार पर भी लिखे जाते हैं अगर हमारे संबंध किसी से ठीक नहीं हैं तो कई लोग समाचार को उसी स दृष्टिकोण से दृष्टिकोण से लिखते हैं जबकि वह समाज के लिए ठीक नहीं होता. उन्होंने कहा पत्रकारिता स्वच्छ स्वस्थ और निष्पक्ष होनी चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार रतनमणि डोभाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में जम्मू कश्मीर की जनता ने जिस तरह देश का साथ दिया उसने कई अफवाहों और अवधारणाओं को भी ध्वस्त किया है . वहाँ की जनता उस समय, देश के साथ खड़ी थी और पूरा देश ऑपरेशन सिंदूर के साथ खड़ा था. जम्मू कश्मीर की आवाम के साथ देश की उन भावनाओं को आज संभाल कर रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा की युद्ध की रिपोर्टिंग एक जोखिम पूर्ण कार्य है और उसे जोखिम के बीच से समाचारों को निकाल कर लाना भी कम साहस का काम नहीं है. इस सब के बीच देश हित में पत्रकारों के एक ऐसे समूह की जरूरत है जो जन सरोकारों की पत्रकारिता करे. उन्होंने कहा पत्रकारिता में भी हर विचारधारा के लोग हैं और उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी विचारधारा के हिसाब से समाचारों का चयन किया लेकिन यह खुशी की बात है कि इसके बावजूद पूरे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश हित की पत्रकारिता होती रही। उन्होंने युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि इससे सबसे ज्यादा नुकसान और कष्ट जमीनी स्तर के लोगों को झेलने पड़ते हैं जिसमें सैनिकों और देशवासियों के परिवार उनकी माता बहने और बेटियां होती हैं उन्होंने कहा की युद्ध आसान होता है लेकिन युद्ध में जो धन खर्च होता है उससे जो व्यवस्थाएं प्रभावित होते हैं वह देश तरक्की को प्रभावित कर सकती हैं। डोभाल ने कहा कि पत्रकारिता की हमेशा और हर युग में आवश्यकता रही है। टाटा बिरला को भी उस जमाने में, हिंदुस्तान की आजादी के समय, पत्रकारिता व पत्रकारों की आवश्यकता रही। सबसे पहले तो हमें अपनी पत्रकारिता को संभालकर रखने की जरूरत है। जिन्होंने संविधान की शपथ ले रखी है यह उनकी जिम्मेदारी हो जाती है।

## मोरी पहुंचने पर कृषि मंत्री गणेश जोशी का हुआ स्वागत, कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

**उत्तरकाशी/मोरी।** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अपने तीन दिवसीय टिहरी और उत्तरकाशी जनपद भ्रमण के दौरान जनपद उत्तरकाशी के पुरोला और मोरी पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों उनका पारंपरिक रीति–रिवाजों और पुष्प मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से भेंट की तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा के साथ करें, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में विधायक दुर्गेश्वर लाल, भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चौहान सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चोपड़ा- नखोलियाना - पोखरी सड़क के आधूरे निर्माण से ग्रामीण में आक्रोश

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पोखरी विकास खंड मुख्यालय पर चोपड़ा – नखोलियाना – पोखरी स्वीकृत आठ किमी0 सड़क का आधी–अधूरा निर्माण होने से ग्रामीणो में लोनिवि विभाग व सरकार के प्रति भारी आक्रोष है।

नगर पंचायत पोखरी के सभी गांव व तोको के ग्रामीणो को को सड़क यातायात सुविधा से मुख्यालय को जोड़ने के लिए 2014 में चोपड़ा – नखोलियाना – पोखरी आठ किमी0सडक स्वीकृत हुई थी। ग्रामीणों के काफी प्रयासो के बाद वर्ष 2018–19 में सड़क का काम शुरू हुआ , जिसमें केवल चार किमी0 सड़क का आधा–अधूरा निर्माण हुआ है। बताया जा रहा है कि वित्तीय संकट के कारण आगे अवशेष चार किमी0 सडक का निर्माण नही हो रहा है। इस आधे अधूरे सड़क निर्माण से ग्रामीणों को यातायात की कोई सुविधा न मिलने से ग्रामीण आक्रोशित है। ग्रामीणो का आरोप है कि सड़क के अभाव में ग्रामीण रोजमर्रा का समान पीठ पर लादकर लेजाने को मजबूर है, साथ ही बीमार व बुजुर्ग लोगो को मुख्यालय आने–जाने के 30 किमी0 का गाड़ी से सफर तय करना पड़ता है।

सड़क संघर्ष समिति के अध्यक्ष मयंक वैष्णव, सामाजिक कार्यकर्ता कुंवर सिंह चौधरी व मधुसूदन सिंह चौधरी ने बताया कि उन्होंने विभाग व सरकार से लगातार पत्राचार किया। परन्तु कोई कार्यवाही आगे नही बड़ी।

## स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न




**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नगर पंचायत लालकुआं में दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन द्वारा गठित स्वयं सहायता समूहों का एक माह का जूट बैग वह एपण आर्ट का प्रशिक्षण जो कि टाटा मोटर्स के सौजन्य से निर्मला सोसाइटी द्वारा दिया गया।

एक माह तक चले प्रशिक्षण शिविर का आज विधिवत समापन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पंचायत के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी ने कहा कि महिलाओं को रोजगार से जोड़ने हेतु हर संभव मदद की जाएगी, तथा समय–समय पर इस प्रकार की ट्रेनिंग व आजीविका वर्धन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम किए जाएंगे। अधिशासी अधिकारी राहुल कुमार सिंह के द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं का उत्साहवर्धन देखते ही बनता है, कार्यक्रम में महिलाओं ने काफी मन लगाकर प्रशिक्षण हासिल किया है, उनके रोजगार के लिए जो भी नगर पंचायत से बन पड़ेगा महिलाओं के लिए करेंगे।

कार्यक्रम का संचालन सिटी मिशन मैनेजर सीमा पांडे के द्वारा किया गया। प्रतिभागी महिलाओं को निर्मला संस्था के द्वारा टूल किट व सर्टिफिकेट वितरण किया गया।कार्यक्रम में टाटा कंपनी के सीनियर मैनेजर फाइनेंस देवजीत मोदी, सीपी पांडे, यूनियन मैनेजर, संजीव कुमार भटनागर, अनूप नेगी, सीमा पांडे, दीपा बर्गली, मनोज बर्गली, दुष्यंत कुमार, हेमा देवी, दीपा पांडे, ममता पंत, नगर पंचायत का ऑफिस स्टाफ तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

## सचिव सहकारिता दिलीप जावलकर द्वारा की गई सहकारिता विभाग और राज्य सहकारी बैंक की समीक्षा बैठक



**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि० हल्द्वानी के प्रशासक सचिव सहकारिता उत्तराखण्ड शासन दिलीप जावलकर द्वारा दिनॉक 30. 05.2025 में समीक्षा बैठक आहूत की गयी। जिसमें प्रशासक सचिव सहकारिता मुख्यालय भवन का निरीक्षण किया गया।

तत्पश्यात उत्तराखण्ड राज्य सहकारी बैंक के प्रबन्ध निदेशक प्रदीप मेहरोत्रा द्वारा बैंक के निक्षेप, ऋण वितरण, विनियोजन, सूचना एवं प्रद्योगिकी एवं एन.पी.ए की प्रगति से अवगत कराया गया। बैठक में सचिव सहकारिता द्वारा बैंक में निक्षेप, ऋण वितरण एवं एन.पी.ए के वर्ष दौरान लक्ष्य के सापेक्ष शत्प्रतिशत पूर्ति की जाये के निर्देश दिये गये। बैठक में बैंक स्तर से रोस्टर के अनुसार शाखाओं एवं जिला सहकारी बैंकों के निरीक्षण समयान्तर्गत पूर्ण कर निरीक्षण नोट तथा वास्तविक अनुपालन समयार्न्तगत पूर्ण किये जाये के निर्देश दिये गये। बैठक में प्रशासक द्वारा भारत सरकार की योजनाओं के अन्तर्गत प्रधान मंत्री जीवन ज्योति, प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, प्रधान मंत्री अटल पेन्शन योजना से समस्त ग्राहकों को आछादित किये जाये तथा शाखा प्रबन्धकों की मासिक समीक्षा बैठक आहूत करते हुए आवंटित लक्ष्यों की शत्प्रतिश पूर्ति करने हेतु निर्देश दिये गये।

बैठक प्रशासक सचिव सहकारिता द्वारा शाखा स्तर पर निक्षेप पखवाड़ आयोजित करते हुए कम लागत वाले निक्षेपों पर विशेष ध्यान दिया जाय, तथा एफ.एल.सी. के अन्तर्गत वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित करते समय बैंक के ऋण उत्पादों का प्रचार–प्रसार ऋण वितरण हेतु विशेष प्रयास किये जाये के निर्देश दिये गये, साथ ही बैंक की सी.डी. रेशियो वृद्धि हेतु विशेष प्रयास किये जाये।

बैठक में प्रशासकध्सचिव सहकारिता उत्तराखण्ड शासन दिलीप जावलकर द्वारा यह भी निर्देशित किया गया बैंक अपनी भविष्य की कार्ययोजना तैयार कर बैंक में ऋण वितरण, निक्षेप एवं एन.पी.ए की वसूली हेतु युद्ध स्तर पर कार्य कर बैंक की लाभप्रदत्ता को बढ़ाये जाने के प्रयास करें।

# हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर उत्तरांचल प्रेस क्लब में पत्रकारों को किया गया सम्मानित



कार्यक्रम के दौरान डीजी सूचना बंशीधर तिवारी व अन्य।

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तरांचल प्रेस क्लब में हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर एक गरिमामय समारोह में प्रदेश के वरिष्ठ और सक्रिय पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महानिदेशक सूचना व विशिष्ठ अतिथि डॉ. देवेन्द्र भसीन, वक्तागण गिरीश चन्द्र गुरुरानी, निशिथ जोशी, रमेश भट्ट, ज्योत्सना व प्रेस क्लब अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह कण्डारी, महामंत्री सुरेन्द्र डसीला, कोषाध्यक्ष अनिल चंदोला, स्मारिका के संपादक शूरवीर भण्डारी ने संयुक्त रूप से स्मारिका 'गुलदस्ता' का विमोचन किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि महानिदेशक सूचना एवं लोक संपर्क विभाग बंशीधर तिवारी ने सभी पत्रकारों को हिन्दी पत्रकारिता दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आजादी के आंदोलन में पत्रकारिता की अहम भूमिका रही है। पत्रकारों ने स्वतंत्र आंदोलन को जन–जन तक पहुंचाया।

महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कहा कि जिस तरह आज हिन्दी में अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग किया हो रहा है, उससे हिन्दी को अपने शुद्धतम स्वरूप में बचाए रखना एक चुनौती है। उन्होंने आलोचना को सूचना के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के सामूहिक बीमा योजना/गोल्डन कार्ड की तर्ज पर स्वास्थ्य सुविधा के लिए अगले हफ्ते बीमा संगठनों और पत्रकार संगठनों की बैठक बुलाई गई है। जिला/तहसील स्तर पर पत्रकारों को मान्यता देने की प्रक्रिया गतिमान है, साथ ही मीडिया संस्थानों का मान्यता प्राप्त पत्रकारों का कोटा भी बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हमेशा सजग रहते है। उन्होंने कहा कि उत्तरांचल प्रेस क्लब की नजूल भूमि को फ्री–होल्ड करने का प्रस्ताव शासन को भेज रखा है जिसे शीघ्र ही कैबिनेट में रखा जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी मिलते ही उत्तरांचल प्रेस क्लब के नए भवन का निर्माण शुरू करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया नियमावली का ड्राफ्ट सुझाव के लिए सूचना विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। उन्होंने पत्रकारों से अपील की है कि जल्द से जल्द अपने सुझाव दें ताकि सोशल मीडिया नीति को अंतिम रूप दिया जा सके।

विशिष्ठ अतिथि डॉ. देवेन्द्र भसीन ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। आज जब सूचना का प्रवाह तेज़ है, तब पत्रकार की जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है। सच को बिना भय और पक्षपात के सामने लाना ही सच्ची पत्रकारिता है। हमें गर्व है कि हिन्दी पत्रकारिता ने हमेशा समाज की आवाज़ को मजबूती दी है। वक्ता गिरीश चन्द्र गुरुरानी ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता ने हर दौर में अपनी प्रासंगिकता सिद्ध की है। चाहे वो आज़ादी की लड़ाई हो या आज का डिजिटल युग।

## जिले में मूर्तरूप लेते आधुनिक आउटलेट, कैफे व रेस्टोरेंट

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल मुख्यमंत्री के आत्मनिर्भर महिला समूह के संकल्प को हिलांस आउटलेट के माध्यम से महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाने तथा राज्य की महिला समूहों के उत्पादों को विपणन की सुविधा, जन सामान्य को पर्यटन एवं सार्वजनिक स्थ्लों में आधुनिक आउटलेट/कैफे/रेस्टोरेंट, कैंटीन निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है जिसके फलस्वरूप कलेक्ट्रेट, कोरोनेशन एवं पर्यटन स्थल गुच्चुपानी में महिला समूहों द्वारा संचालित आधुनिक आउटलेट धरातल पर नजर आने लगी है, जिसका मुख्यमंत्री द्वारा शीघ्र लोकर्पण किया जाएगा। ` अन्तर्गत शुरूआती चरण में 04 स्थानों कचहरी परिसर, सुद्धोवाला (पंचायतघर के निकट), कोरोनेशन हास्पिटल, गुच्चुपानी में आधुनिक आउटलेट/कैफे/रेस्टोरेंट, खोले गए हैं। इन आउटलेट के खुलने से जहां जनमानस को जहां पौष्टिक भोजन एवं आर्गेनिक उत्पाद मिलेंगे।

## अंकिता हत्याकांड में फैसला आने के बाद राजनीति शुरू, कांग्रेस बताया अधूरा न्याय

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में कोटद्वार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुना दिया है। जिसमें कोर्ट ने अंकिता भंडारी हत्याकांड के तीनों आरोपियों पुलकित आर्या, अंकित गुप्ता और सौरभ भास्कर को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अंकिता भंडारी हत्याकांड पर तीन साल बाद आये फैसले पर अब राजनीति भी शुरू हो गई है। जहां हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने इस फैसलों को न्याय बताया है, वहीं, कांग्रेस ने इसे अधूरा न्याय बताया है। हरिद्वार सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने अंकिता भंडारी मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा इस मामले में भले ही थोड़ा सा देरी हुई है लेकिन फैसला आ गया है। उन्होंने कहा अंकिता भंडारी की हत्या के बाद उत्तराखंड ही नहीं देशभर में आक्रोश था। यह मामला बेहद चर्चित रहा. आज तीनों आरोपियों को कोर्ट ने सजा देकर परिवार को न्याय देने का काम किया है। उन्होंने कहा फैसले से एक बार फिर न्यायपालिका पर लोगों का भरोसा मजबूत हुआ है। कांग्रेस के दिग्गज नेता हरीश रावत ने सोशल मीडिया पर इसे लेकर पोस्ट किया. हरीश रावत ने लिखा अंकिता हत्याकांड पर आखिर फैसला आ गया। जिसमें तीनों दोषियों को आजीवन कारावास हुई है। हरीश रावत ने लिखा वे इस मामले में फांसी की सजा की उम्मीद कर रहे थे।

## मुख्य सचिव ने की मुख्यमंत्री की घोषणाओं की समीक्षा



मुख्य सचिव बैठक लेते हुए।

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने शुक्रवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने सीएम घोषणाओं को पूर्ण किए जाने में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री घोषणाओं को प्राथमिकता पर लिया जाए। उन्होंने कहा कि जनहित एवं राज्य हित की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने योजनाओं को पोर्टल पर लगातार अद्यतन किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि विभागों को भी पोर्टल पर अपनी अद्यतन स्थिति देखे जाने का प्राविधान किया जाए। उन्होंने विभागों को घोषणाओं की प्रगति की अद्यतन सूचना मुख्यमंत्री घोषणा सेल को समय–समय पर उपलब्ध कराए जाने के भी निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने शासन को टीएसी एवं ईएफसी आदि के लिए भेजे गए प्रस्तावों को एक माह में निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान शहरी विकास, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग एवं सिंचाई विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने सीएम घोषणाओं पर विभागों की प्रगति पर संतुष्टि व्यक्त की। इस अवसर पर सचिव नितेश कुमार झा, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ. आर. राजेश कुमार, एस. एन. पाण्डेय एवं महानिदेशक शिक्षा अभिषेक रोहेला अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## यातायात प्रबंधन योजना को धरातल पर उतारने के मुख्य सचिव ने अधिकारियों को दिए निर्देश



मुख्य सचिव बैठक लेते हुए।

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने शुक्रवार को सचिवालय में देहरादून शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर एकीकृत महानगर परिवहन प्राधिकरण सहित सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक ली।

मुख्य सचिव ने कहा कि देहरादून शहर की यातायात संकुलन की समस्या को दूर करने हेतु यातायात प्रबंधन योजना को सभी सम्बन्धित विभाग आपसी तालमेल से धरातल पर उतारें। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी देहरादून को शहर के यातायात संकुलन को कम करने के लिए चिन्हित चौराहों में सुधार पर शीघ्र कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस एवं परिवहन विभाग को यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों के अनुपालन के लिए लगातार अभियान चलाए जाएं। उन्होंने शहर के भीतर नए पार्किंग स्थल चिन्हित करते हुए, अगले 5–10 वर्षों में होने वाले यातायात संकुलन के अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने की बात कही। मुख्य सचिव ने एमडीडीए को आढ़त बाजार को शिफ्ट किए जाने हेतु कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को आढ़त बाजार चौड़ीकरण की डीपीआर तैयार किए जाने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने वाणिज्यिक परिसर और शॉपिंग मॉल्स द्वारा अपनी पार्किंग का प्रयोग नहीं करने पर कार्रवाही किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि लोगों एवं आने वाली पीढ़ी में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने हेतु यातायात पार्क तैयार किए जाएं। उन्होंने फुटपाथ से अतिक्रमण हटाए जाने और यूटिलिटी शिफ्टिंग के लिए भी सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी, अपर सचिव रीना जोशी, पूजा गरब्याल, नगर आयुक्त नगर निगम देहरादून नमामी बंसल एवं उत्तराखंड मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन से बृजेश कुमार मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

01 June 2025_Copy of Layout 1 6/1/2025 5:20 PM Page 8



# रेखा आर्या ने महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा की

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश की खाद्य मंत्री रेखा आर्या ने विधानसभा स्थित सभागार कक्ष में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक की जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं उनके संगठनों की मांगों/समस्याओं तथा विभागीय योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गई।



मंत्री रेखा आर्य बैठक लेते हुए।

मंत्री द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की मांगों पर बिन्दुवार चर्चा की गई, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यक्रित्रियों द्वारा मानदेय वृद्धि की मांग पर मंत्री ने कहा कि उक्त के सम्बन्ध में भारत सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है तथा भारत सरकार के निर्णय के अनुसार ही उक्त पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने आंगनबाड़ी से सुपरवाईजर पर प्रतिवर्ष भर्ती प्रक्रिया को गतिमान रखने हेतु भी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने यह भी बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रूप में सहायिकाओं को वरीयता देने सम्बन्धी शासनादेश पूर्व में जारी किया जा चुका है। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री बहनों द्वारा प्रायः यह शिकायत आती रहती हैं कि उन्हें अन्य विभागों जैसे पंचायतीराज विभाग, खण्ड शिक्षा अधिकारी, बीएलओ तथा जनगणना जैसे कार्यों के लिए अधिकारियों द्वारा निर्देश दिये जाते हैं जिस कारण उनके स्वयं के विभागीय कार्य प्रभावित होते हैं, इस सम्बन्ध में मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सम्बन्धित विभाग महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना सुनिश्चित करे तथा महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग आंगनबाड़ी बहनों को यात्रा

### आंगनबाड़ी बहनों के फोन रिचार्ज के लम्बित भुगतान को शीघ्र करने के निर्देश दिये

भत्ता, रहने तथा भोजन की व्यवस्था के समुचित परीक्षण के बाद ही सम्बन्धित विभाग को उक्त के सम्बन्ध में अनुमति प्रदान करें।

मंत्री ने आंगनबाड़ी बहनों के फोन रिचार्ज के लम्बित भुगतान को शीघ्र करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कल्याण कोष के अन्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का अंशदान 100 रू0 तथा विभाग द्वारा भी 100 रू0 का अंशदान दिया जाता है जिस पर सन् 2026 से सेवानिवृत हो रही बहनों को इसका लाभ मिलेगा तथा आने वाले समय में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की पेंशन स्कीम पर भी आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। मंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के समय पर मानदेय नहीं आने की शिकायत के सम्बन्ध में कहा कि विभाग द्वारा माह अप्रैल 2025 तक का राज्यांश का भुगतान किया जा चुका है जबकि केन्द्र से बजट प्राप्त होने के पश्चात केन्द्रांश का भुगतान भी विभाग द्वारा शीघ्र कर दिया जायेगा। मंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सेवानिवृत्ति की तिथि को अनिवार्य रूप से कल्याण कोष की धनराशि का एकमुश्त भुगतान के सम्बन्ध में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सेवानिवृत होने वाली बहनों का डाटा एक माह पूर्व ही तैयार कर लिया जाय तथा उन्हें सेवानिवृत्ति की तिथि को अनिवार्य रूप से एकमुश्त भुगतान करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर निदेशक, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास प्रशान्त आर्या तथा विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्रशासन का चला डंडा तो बैकफुट पर आए नामी, गिरामी निजी स्कूल

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री के निर्देशों के परिपालन में जिला प्रशासन देहरादून जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशन में शिक्षा माफियाओं पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

अभिभावकों से फीस के नाम पर वसूली की शिकायतों पर जिला प्रशासन ने शहर के कई नामी–गिरामी निजी स्कूलों पर कार्रवाई से जहां शिक्षा माफियाओं के हौसले पस्त हुए हैं वही बड़े–बड़े स्कूलों का फीस बढोतरी का खेल भी सामने आया है। फीस बढोतरी पर जिला प्रशासन की जीरो टालरेंस की नीति अपनाए हुए है। जिला प्रशासन के कड़े रूख और निरंतर प्रवर्तन की कार्यवाही से जहां निजी नामी गिरामी स्कूलों के तेवर ढीले हो गए हैं, स्कूल प्रबन्धन अब अपनी फीस घटा रहे। ताजा मामला द प्रेसिडेंसी इन्टरनेशनल स्कूल भानियावाला का है, स्कूल प्रबन्धन ने लिखित रूप से स्कूल फीस कम करने का पत्र प्रशासन को दिया है। जिला प्रशासन की दृढ़ इच्छा शक्ति के आगे अब शिक्षा माफियाओं के हौसले नहीं टिक पा रहे हैं, जिससे जिले के कई नामी गिरामी स्कूल अब मनमर्जी फीस बढोतरी पर आए बैकफुट पर आएं है। जिला प्रशासन ने जैसे ही सख्ताई दिखाई तो धीरे–2 स्कूल फीस बढोतरी का खेल भी खुलने लगा। द प्रसिडेंसी इन्टरनेशनल स्कूल, भनियावाला का मामला सामने आया है।

### अमेजन फैशन की वॉर्डरोब रिफ्रेश सेल 4 जून तक

**देहरादून।** अमेजन फैशन ने अपनी 16वीं वॉर्डरोब रिफ्रेश सेल (डब्ल्यूआरएस) की घोषणा की, जो 4 जून तक चलेगी।

4 लाख से अधिक स्टाइल के सबसे विस्तृत ब्रांड पोर्टफोलियो वाली इस सेल में अब कैरेटलेन, गैप, वाइल्डक्राफ्ट आदि जैसे 20 से ज्यादा ब्रांड्स और चयन को रणनीतिक रूप से जोड़ा गया है, और एक्सक्लूसिव नए प्रीमियम डेस्टिनेशन द प्रीमियम एडिट के साथ रीब्रांडेड जेन जेड डेस्टिनेशन सर्व को पेश किया गया है। यह संस्करण बेहतरीन मूल्य और शीर्ष ब्रांड्स को एक साथ लाता है, ग्राहकों को अमेजन की हॉलमार्क सुविधा, भरोसा और डिलीवरी स्पीड के साथ अभूतपूर्व चयन की पेशकश करता है।

## न्यूज डायरी

### सीएम ने उत्तरांचल प्रेस क्लब की स्मारिका का विमोचन किया



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर उत्तरांचल प्रेस क्लब द्वारा प्रकाशित स्मारिका गुलदस्ता का विमोचन किया। उत्तरांचल प्रेस क्लब के सदस्यों तथा सभी पत्रकारों को हिंदी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जनतांत्रिक व्यवस्था में पत्रकारिता को चतुर्थ स्तंभ के रूप में गौरवशाली स्थान प्राप्त है। पत्रकारिता वस्तुतः सत्ता और जनता के बीच एक सशक्त माध्यम की भूमिका निभाते हुए जनता की आवाज को सत्ता तक और सत्ता की योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाने के अत्यंत महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व का सुचारु निर्वहन करती है। इसी से देश एवं प्रदेश के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होता है तथा जन मानस में राष्ट्र निर्माण और जन कल्याण की भावना प्रबल होती है। मीडिया लोकतंत्र का महत्वपूर्ण अंग है और मीडिया की राज्य के विकास में अहम भूमिका है। राज्य सरकार द्वारा भी पत्रकारों एवं उनके आश्रितों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं आरंभ की गई है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार भूपेंद्र सिंह कंडारी, सुरेंद्र सिंह डसीला, संदीप बडोला, मनीष डंगवाल, रमन जायसवाल, किशोर रावत सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

## अंकिता के दोषियों को सजा देवभूमि वासियों को संतोष देने वाला निर्णयः भट्ट

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने दुखद अंकिता प्रकरण में आए न्यायालय के निर्णय को देवभूमिवासियों को संतोष देने वाला बताया है।



उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियों के अकाट्य सबूतों और मजबूत पैरवी के चलते हम दिवंगत बेटी को न्याय दिलाने में सफल हुए हैं। अब राजनैतिक एवं सामाजिक पक्षों को भी, मुद्दे की संवेदनशीलता और गंभीरता को ध्यान में रखते हुए प्रतिक्रिया देने की जरूरत है। विभिन्न माध्यमों पर मीडिया से हुई बातचीत में उन्होंने कहा कि अंकिता की निर्मम हत्या से उसके परिजनों के जीवन की कमी कोई दूर नहीं कर सकता है। लेकिन कोटद्वार अदालत का इस घटना के तीनों दोषियों को कठोरतम सजा के रूप में तमाम उम्र जेल में रखने का आदेश, उनकी पीड़ा को कुछ कम करने का काम अवश्य सफल होगा। न्यायिक प्रक्रिया के पूर्णतः पालन करने से आए इस निर्णय में थोड़ा समय अवश्य लगा, लेकिन फिर भी रिकॉर्ड पौने तीन साल के बाद आया यह निर्णय दुखी प्रदेशवासियों को संतुष्टि देने वाला है। उन्होंने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में, इस प्रकरण को अंजाम तक पहुंचाने के लिए जांच एजेंसियों की भी सराहना की है। क्योंकि जिस तरह संज्ञान में आते ही एफआईआर के बाद 24 घंटे में दोषियों की गिरफ्तारी हुई और 48 घंटे में मृतक का शव भी बरामद किया गया। एजेंसियों ने तमाम फॉरेंसिक एवं नवीन तकनीक का इस्तेमाल किया और आरोपियों के खिलाफ मजबूत एवं अकाट्य सबूत एकत्र किए गए। इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने भी स्पष्ट किया था कि दोषियों को कठोरतम सजा सुनिश्चित करवाई जाएगी।

पेज 01 का शेष...

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य आपदा प्राधिकरण की कार्यशाला में किया प्रतिभाग

आपदा के दौरान संसाधनों का बेहतर उपयोग और तकनीकी संसाधनों का प्रयोग आपदा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है, जिसका हमने और बेहतर इस्तेमाल करना है। सदस्य, राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण राजेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय मौसम विभाग ने आगामी मानसून में उत्तराखंड के लिए सामान्य से अधिक बारिश का पूर्वनुमान लगाया है। ऐसे में उत्तराखंड के लिए 15 जून से सितंबर तक आपदा की नजर से महत्वपूर्ण समय है। उत्तराखंड राज्य बाढ़, बादल फटने, भूस्खलन, भूकंप की दृष्टि से बेहद संवेदनशील है। इनसे बचने के लिए बेहतर पूर्वानुमान, बुनियादी ढांचों, जन जागरूकता, बेहद जरूरी है। उन्होंने उत्तराखंड सरकार की सराहना करते हुए कहा कि इस वर्ष चार धाम यात्रा बेहद सुचारू रूप से चल रही है। चार धाम यात्रा का प्रबंधन बेहद अच्छा है। उन्होंने भूस्खलन के बचाव के लिए उत्तराखंड को एन.डी.एम.ए ने 140 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। एन.डी.एम.ए द्वारा 190 संवेदनशील झीलों के लिए उत्तराखंड को 40 करोड़ का आवंटन हो चुका है। उन्होंने कहा फॉरेस्ट फायर को लेकर उत्तराखंड की तैयारियां इस वर्ष बेहद अच्छी हैं।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com
डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19